**वारदात** | डयूटी कर लौट रहे युवक को चार हमलावरों ने घेरकर मारा चाकू, हालत गंभीर

# लगातार चाकूबाजी से दहशत में शहर

**नवभारत, कटनी।** शहर में लगातार बढ़ रही चाकूबाजी की वारदातों से शहर में दहशत का महौल है। रंगनाथ थाना क्षेत्र में रविवार देर रात चार युवकों ने एक युवक को घेरकर चाकू से हमला कर दिया। युवक को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज किया जा रहा है। वारदात उस समय हुई जब युवक आस्था प्लाजा स्थित निजी संस्थान से ड्यूटी कर घर लौट रहा था। पुलिस ने चाकू से हमला करने वालों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। प्रकरण की विवेचना शुरू कर दी गई है, आरोपियों की तलाश में पुलिस टीमें दबिश दे रही हैं।

जानकारी के अनुसार अनुराग दुबे उर्फ भूरा जुलहा आस्था प्लाजा में कार्यरत है। रविवार देर रात करीब 11 बजे वह अपना काम खत्म कर घर लौट रहा था, तभी रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे



आरोपियों ने उसे रोक लिया। अनुराग दुबे ने बताया कि आयुष गर्ग, आंशू बड़गैया और उसके दो अन्य साथियों ने उसे अचानक घेर लिया। इससे पहले कि वह कुछ समझ पाता, चारों आरोपियों ने उस पर चाकू से कई बार हमला कर दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से चाकू के हमले से गंभीर रूप से घायल हुए अनुराग को लहूलुहान हालत में जिला अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों के अनुसार उसकी हालत गंभीर बनी हुई है और उसका इलाज जारी है। इस घटना ने क्षेत्र की कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस ने पीड़ित अनुराग दुबे के बयान के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी का कहना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं और जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

गौरतलब है कि रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र में इस हमले से कुछ घंटे रविवार दोपहर को मंगलनगर में मामूली कहासुनी के बाद एक युवक पर चाकू मार दी गई थी। चाकू के हमले में गंभीर रूप से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी पिता और पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है। लेकिन लगातार हो रही चाकूबाजी की वारदातों से शहर में दहशत का महौल है। चाकूबाजी की वारदातों ने पुलिस व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। बैखोफ बदमाश पुलिस के लिए चुनौती बने हुए है। लगातार बढ़ हिंसक अपराधों से पुलिस की कार्यप्रणाली सवालिया निशान लगाने के साथ ही पुलिस के वजूद को संकट में ला दिया है।

## वैध रजिस्ट्री के बाद भी प्लाटों में चला रहे जेसीबी

**नवभारत, कटनी।** शहर में जमीनों पर जबरन कब्जा करने और रसूख के दम पर गरीबों व मध्यमवर्गीय परिवारों को डराने-धमकाने के मामला सामने आया है। एनकेजे थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली काली बस्ती में वैध मालिकाना हक वाले प्लॉटों पर जबरन जेसीबी चलवाई जा रही है। थाने में दर्ज कराई गई सामूहिक शिकायत के अनुसार, आरती सोनी, पद्मा बर्मन, महिपाल सिंह, तिलक सिंह, हुकुम सिंह धुर्वे, रिजवान उलहक और शेख जहान के विभिन्न खसरा नंबरों पर वैध प्लॉट स्थित हैं। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि राजकिशोर श्रीवास्तव और विकास तिवारी द्वारा उनके प्लॉटों पर जबरन जेसीबी भेजकर साफ-सफाई का कार्य करवाया जा रहा था। पीड़ित परिवारों ने बताया कि जब वे एकजुट होकर अपने प्लॉट पर पहुंचे और इस अवैध कार्य का विरोध किया, तो मौके पर काम तो रोक दिया गया, लेकिन संबंधित रसूखदारों द्वारा उन्हें सीधे तौर पर धमकाया गया। पुलिस से कार्रवाई की मांग की गई है।



# अचानक छीना समूह से कार्य, महिलाएं बेरोजगार

**सांदीपनी स्कूल मध्यान्ह भोजना बनाती थीं महिलाएं**

**नवभारत, कटनी।** जिले के बड़वारा में स्थित संदीपनिय विद्यालय में मध्यान्ह भोजन बनाने वाली दर्जनों महिलाओं का रोजगार अचानक छिन गया है। इसके विरोध में दुर्गा स्वसहायता समूह की ये महिलाएं सोमवार को जनपद कार्यालय बड़वारा पहुंचीं। उन्होंने मुख्य कार्यपालन अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर न्याय की गुहार लगाई और उन्हें वापस काम पर रखने की मांग की। महिलाओं ने ज्ञापन में बताया कि उनका दुर्गा स्वसहायता समूह साल 2009 से स्कूल में बच्चों के लिए मध्यान्ह भोजन बना रहा था। आरोप है कि जून 2026 में नए सत्र की शुरुआत होते ही उन्हें बिना किसी पूर्व सूचना, कारण बताओ नोटिस या स्पष्टीकरण के अचानक काम से हटा दिया गया। महिलाओं के अनुसार, पिछले सत्र में संदीपनिय विद्यालय में आसपास के सात दूसरे स्कूलों का विलय किया गया था। इस विलय के बाद दुर्गा स्वसहायता समूह को प्राथमिक शाला के 262 बच्चों और पूर्व सीएम राइज स्कूल के 137 बच्चों को मिलाकर कुल 399 छात्रों के लिए भोजन बनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। महिलाओं ने बताया कि विलय के बाद जनपद सीईओ ने खुद यह व्यवस्था तय की थी कि प्राइमरी विंग के बच्चों के भोजन का जिम्मा दुर्गा स्वसहायता समूह संभालेगा, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। महिलाओं का आरोप है कि अब इन आदेशों को पूरी तरह से दरकिनार कर दिया गया है। नए सत्र की शुरुआत होते ही दुर्गा समूह के हिस्से का राशन और पैसा चुपके से सहारा स्वसहायता समूह को दे दिया गया, जिससे दुर्गा समूह की महिलाओं के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।

**एक नजर में**

## पांच महीने जिले से बाहर रहेगा आदतन अपराधी

**नवभारत, कटनी।** जिला दंडाधिकारी कलेक्टर आशीष तिवारी ने माधवनगर थाना अंतर्गत निवार पहाड़ी गांव निवासी आदतन अपराधी अली उर्फ साहिल पिता अब्दुल खान (23 वर्ष) के खिलाफ मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए उसे आगामी 5 माह की अवधि के लिए जिले की राजस्व सीमाओं से निष्कासित करने का आदेश पारित किया है। कार्रवाई पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर की गई है। साहिल वर्ष 2022 से थाना माधवनगर क्षेत्र में लगातार आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहा है। उसके विरुद्ध अब तक 5 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध किए गए हैं, जिनमें मारपीट, गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी, घर में घुसकर चोरी, अवैध शस्त्र रखने और अवैध वसूली जैसे गंभीर अपराध शामिल हैं। पुलिस द्वारा साहिल की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए प्रतिबंधात्मक कार्रवाइयां भी की गईं, लेकिन उसमें कोई सुधार नहीं हुआ। आपराधिक गतिविधियां लगातार जारी रखने और क्षेत्र में शांति, सार्वजनिक सुरक्षा व्यवस्था पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव को दृष्टिगत रखते आदतन अपराधी साहिल खान को 24 घंटे के जिले की राजस्व सीमाओं से 5 माह के लिए बाहर जाने का आदेश दिया गया है।

# जलभराव रोकने कराई नाले-नालियों की सफाई

**नगर निगम द्वारा चलाया जा रहा सफाई अभियान**

**नवभारत, कटनी।** नगर निगम द्वारा नाले.नालियों की सफाई का अभियान लगातार चलाया जा रहा है। नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि इसी क्रम में सोमवार को वेंकट वार्ड स्थित खिरहनी रेलवे लाइन के किनारे स्थित बडे कच्चे नाले, बरगवां औद्योगिक क्षेत्र के विभिन्न बड़े नालों सहित वंश स्वरूप वार्ड स्थित द्वारका सिटी की सीवरेज लाईन, गढडा टोला, नाले, नालियों की सफाई के लिए कॉलोनी सहित नगर के अन्य



स्थलों पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इसके अलावा समदड़िया कॉलोनी, बाबा नारायण शाह वार्ड, झिंझरी, मदन मोहन चौबे वार्ड, कावसजी वार्ड भट्टा मोहल्ला, बरगवां, आधारकाप, सहित आदर्श कॉलोनी, जगमोहन दास वार्ड में निर्धारित रूट अनुसार जेसीबी मशीन से नाले.नालियों में जमा कचरे को हटाया गया, ताकि बारिश के दौरान पानी का बहाव बेहतर रहे और जलभराव की स्थिति नहीं बने।

# दो ट्रकों में भीषण भिड़ंत, एक चालक का हाथ शरीर से कटकर अलग

**बड़वारा थाना क्षेत्र के विलायत कला गांव में हुआ हादसा**

**नवभारत, कटनी।** बड़वारा थाना क्षेत्र के विलायत कला ग्राम में सोमवार को राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर दो ट्रकों के बीच हुई आमने-सामने की भीषण भिड़ंत हो गई। हादसे में एक ट्रक चालक का हाथ कटकर शरीर से अलग हो गया। ट्रक चालक को प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर हालत में जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार बिहार राज्य के मुजफ्फरपुर निवासी ट्रक चालक शिवम सिंह अपने ट्रक में सामग्री लोड कर उमरिया से



कटनी की ओर जा रहा था। इसी दौरान विलायत कला गांव स्थित एक पेट्रोल पंप के पास सामने से कटनी की ओर से आ रहे एक ट्रक से उसकी सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भयावह थी कि दोनों ट्रकों के अगले हिस्से बुरी तरह पिचक गए। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। टक्कर के कारण चालक शिवम सिंह ट्रक के केबिन के मलबे में बुरी तरह फंस गया, जिससे उसका एक हाथ कटकर अलग हो गया। मौके पर जुटे स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों ने काफी मशक्कत के बाद लहूलुहान चालक को केबिन से बाहर निकाला। ग्रामीणों ने एम्बुलेंस का इंतजार करने में समय गंवाने के बजाय तत्काल एक निजी वाहन की व्यवस्था की और घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया। जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने घायल चालक का अत्यधिक खून बहना रोकने के लिए प्राथमिक उपचार किया, लेकिन हाथ कटने और भारी रक्तस्राव के कारण उसकी हालत बेहद चिंताजनक बनी हुई थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे तत्काल जबलपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। हादसे में दूसरे ट्रक का चालक और क्लीनर भी घायल हो गए हैं। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की मदद से दुर्घटनाग्रस्त दोनों ट्रकों को हाईवे से हटवाकर जाम खुलवाया और मामला दर्ज किया है।

# समाज और राष्ट्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है गुणवत्तापूर्ण शोध

**सायना महाविद्यालय में रिसर्च पेपर, जर्नल लेखन में कार्यशाला**

**नवभारत, कटनी।** सायना इंटरनेशनल कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में शोध और अकादमिक लेखन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रिसर्च पेपर, जर्नल लेखन विधि और प्रकाशन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला में डॉ भरत मिश्रा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हुए। कार्यशाला में महाविद्यालय के प्राध्यापकों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग



लिया। कार्यशाला में विशेषज्ञ वक्ता ने प्रतिभागियों को गुणवत्तापूर्ण शोध पत्र तैयार करने की प्रक्रिया, शोध विषय के चयन, शोध पद्धति, संदर्भ लेखन, साहित्य समीक्षा, शोध पत्र की संरचना, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय जर्नलों में प्रकाशन की संपूर्ण प्रक्रिया की जानकारी दी गई। साथ ही शोध में नैतिकता, प्लेगरिज्म से बचाव और यूजीसी-केयर सूचीबद्ध जर्नलों के चयन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए शोध लेखन से संबंधित व्यावहारिक सुझाव दिए गए और इसके साथ बताया कि गुणवत्तापूर्ण शोध न सिर्फ अकादमिक उत्कृष्टता का आधार है, बल्कि समाज और राष्ट्र के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सी राजेश कुमार ने आमंत्रित अतिथि और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार की शैक्षणिक, शोधोन्मुखी कार्यशालाओं के आयोजन का संकल्प व्यक्त किया।

कार्यशाला के सफल आयोजन पर सभी प्रतिभागियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे अत्यंत उपयोगी और ज्ञानवर्धक बताया।

# ग्रामीणों को दिलाई जल और पर्यावरण संरक्षण की शपथ

**जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत उत्सव का आयोजन**

**नवभारत, उमरियापान।** मध्य प्रदेश शासन और जिला समन्वयक डॉक्टर तेजसिंह केशवाल के निर्देशन में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत प्रदेश भर में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत कार्यक्रम किया जा रहा है जिसके परिपेक्ष में आयोजित तृतीय चरण की श्रृंखला में ग्राम पंचायत पथवारी के पंच जल कुंड धाम झिरिया में बावड़ी उत्सव का कार्यक्रम संपन्न हुआ। जन अभियान परिषद बड़वारा की ब्लॉक समन्वयक श्रीमती नंदिनी वाटिया के मार्गदर्शन में और नवांकुर संस्था अंचला ग्राम विकास समिति धनवारा व प्रस्फुटन समिति के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में कलश यात्रा निकाली गई। गंगा आरती का आयोजन किया गया। जल बचाओ



अभियान के तहत संगीत कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनों ने सामूहिक रूप से पर्यावरण और जल संरक्षण की शपथ ग्रहण की। ग्राम पंचायत पथवारी के पूर्व सरपंच फूलगिरी गोस्वामी, वर्तमान सरपंच प्रतिनिधि अमर राज सिंह ठाकुर, नवांकुर संस्था प्रमुख रघुवीर सिंह उजाला फाऊंडेशन महगवां बरछैका से हरभगत सिंह और मानव जीवन विकास समिति बिजोरी से नवांकुर संस्था प्रभारी गुलशन रूहेल आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती शुभा गोस्वामी, के छात्र सचिन सिंह चौहान, संजय पाटकर, अपेक्षा भुमिया, खुशबू सिंह, प्रियंका सिंह, नवान्कुर प्रमुख प्रियंका रजक, सिंह, राम सखा पाल, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पथवारी के अध्यक्ष गणेशपुरी गोस्वामी, सचिव शिवराज केवट सहित सदस्य संतोष दहिया, कृष्ण कुमार यादव, मंगल सिंह, वार्ड पंच मीराबाई, रजनी गोस्वामी, जानकी गोस्वामी सहित काफी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

# जनजाति समागम में प्रस्तुत की जनजातीय विरासत की जीवंत झलक

**जनजाति सुरक्षा मंच ने साझा की संघर्ष की कहानी**

**नवभारत, कटनी।** भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में 24 मई को दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किला मैदान में आयोजित जनजाति समागम-2026 के सफल आयोजन के बाद जनजाति सुरक्षा मंच महाकौशल प्रांत के संयोजक महेश कुमार कोल व सहसंयोजक अमोल सिंह मार्को का सोमवार को अल्प प्रवास पर कटनी आगमन हुआ। प्रवास के दौरान सिविल लाइन स्थित रेस्ट हाऊस में पत्रकारवार्ता



को संबोधित करते हुए जनजाति सुरक्षा मंत्र के दोनों पदाधिकारियों ने मीडिया को बताया कि भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में 24 मई को दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किला मैदान में आयोजित जनजाति समागम-2026 जनजातीय संस्कृति, परंपरा, आस्था और अस्मिता का विराट राष्ट्रीय प्रतीक बनकर सामने आया है। देशभर के 500 से अधिक जनजातीय समुदायों से आए लाखों जनजातीय बंधु-भगिनी पारंपरिक वेशभूषा, लोकगीत, लोकनृत्य, वाद्ययंत्रों और सांस्कृतिक प्रतीकों के साथ इस समागम में सम्मिलित हुए। इस दौरान लेह-लद्दाख से लेकर कन्याकुमारी तक के जनजातीय समाज ने अपनी वेशभूषा, लोकधुनों, मांदर-ढोल, पारंपरिक नृत्य और सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों के माध्यम से भारत की जनजातीय विरासत की जीवंत झलक प्रस्तुत की गई। जनजाति समागम-2026 में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। पत्रकारवार्ता में जनजाति सुरक्षा मंच के प्रांतीय पदाधिकारियों के साथ जिलाध्यक्ष बाबू भाई सोंधिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय कुमार आनंद, जिला रक्षा प्रमुख नरेन्द्र सिंह, जिला सह सचिव सुनील रावत, प्रचार प्रसार प्रमुख कमल मोहनानी व मिथिलेश यादव उपस्थित रहे।

## जनसुनवाई में महापौर आज सुनेंगी समस्याएं

**नवभारत, कटनी।** मंगलवार को सुबह 11 बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक नगर निगम के मेयर इन काउंसिल सभागार में महापौर जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी शहरवासियों की समस्याओं को सुनेंगी और उनका निराकरण कराएंगी। महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य नागरिकों को सुगम, सहज और समयबद्ध समाधान उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि जनसुनवाई के माध्यम से समस्याओं को प्राथमिकता से सुना जाता है।

**समीक्षा** | समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने दिए लंबित शिकायतों और राजस्व प्रकरण के निराकरण के निर्देश

# प्रत्येक सरकारी अधिकारी अपने दायित्वों के प्रति संवेदनशील और जवाबदेह बने

**नवभारत, कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि प्रशासन की मूल जिम्मेदारी नागरिकों को आधारभूत सुविधाएं सहज, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराना है। इसके लिए प्रत्येक अधिकारी को अपने दायित्वों के प्रति संवेदनशील और जवाबदेह रहना होगा। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि खाद-बीज वितरण, संबल योजना, पेंशन, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जैसी सेवाएं सीधे आमजन के दैनिक जीवन से जुड़ी हैं। इनका लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए, ताकि नागरिकों का प्रशासन पर विश्वास और अधिक



मजबूत हो। उन्होंने यह निर्देश सोमवार को आयोजित समय-सीमा बैठक में दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर, नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार और अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने नॉन-अटेंडेड प्रकरणों पर कड़ा रुख अपनाते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही वन, खनिज, श्रम, सामाजिक न्याय, पीएचई, सहकारिता और आबकारी विभागों को लंबित शिकायतों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को पीएम किसान और सीएम किसान योजना से संबंधित लंबित शिकायतों का विश्लेषण और निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने समीक्षा के दौरान मूंग और उड़द फसल पंजीयन कराने वाले किसानों का सत्यापन जल्द पूरा करने, आगामी धान फसल की शत-प्रतिशत गिरदावरी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। खाद की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए विजयराघवगढ़ के एसएडीओ को बड़े व्यापारियों के यहां डीएपी खाद का भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में एएनसी जांच की स्थिति पर असंतोष व्यक्त करते हुए बड़वारा, ढीमरखेड़ा और कन्हवारा के बीएमओ को जांच बढ़ाने के निर्देश दिए गए। साथ ही लंबित डिलीवरी प्रकरणों को पोर्टल पर शीघ्र अपडेट करने के निर्देश दिए गए, ताकि प्रसूति सहायता योजना के अंतर्गत भुगतान समय पर हो सके। आगामी 14 जुलाई से प्रारंभ होने वाले दस्तक अभियान के तहत डायरिया नियंत्रण पर विशेष ध्यान देने, पीएचई विभाग को जल स्रोतों के क्लोरीनीकरण सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक के दौरान कलेक्टर ने जानकारी के साथ उपस्थित न होने पर नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के सब इंजीनियर पर नाराजगी व्यक्त की। पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के प्राचार्य की अनुपस्थिति पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। राजस्व प्रकरणों की समीक्षा में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन कार्यों में तेजी लाने और अभिलेख दुरुस्ती करने के निर्देश दिए।







